हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार, 29 मार्च 2025



## नर्सों का तबादला रुकवाने को ज्ञापन सौंपा

डबवाली। चौटाला कम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से तीन नर्सों का तबादला कर दिया गया है। इसे लेकर ग्रामीणों में रोष है। नर्सों के तबादले को रुकवाने को लेकर ग्रामीणों ने एसएमओ के मार्फत मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।



**खबर संक्षेप**

### रिटायर्ड कर्मचारी संगठन की बैठक एक को होगी

**फतेहाबाद।** रिटायर्ड कर्मचारी संगठन फतेहाबाद की मासिक बैठक 1 अप्रैल मंगलवार को प्रातः 10 बजे पुराना बस स्टैण्ड, जाट धर्मशाला के पास स्थित रेस्ट हाऊस में होगी। इस मीटिंग में रिटायर्ड कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर चर्चा की जाएगी।

### बैंक-ट्रेजरी कार्यालय 31 को रात 12 बजे तक खुलेंगे

**सिरसा।** वित्तीय वर्ष 2024-2025 के समापन के मद्देनजर सरकारी राशि का लेनदेन करने वाले विभिन्न बैंक व कोषागार देय भुगतान प्राप्त करने एवं वितरित करने के लिए 31 मार्च को रात 12 बजे तक खुले रहेंगे। इसके अलावा ये कार्यालय व बैंक 30 मार्च (रविवार) को भी खुले रहेंगे।

### वार्षिक महोत्सव और भंडारा आज से शुरू

**सिरसा।** स्वामी तुरीयानन्द सत्संग सेवाश्रममें वार्षिक महोत्सव एवं भंडारा 29 मार्च को आयोजित किया जाएगा। प्रधान हरिओम अरोड़ा ने बताया कि शनिवार को शाम 7 बजे से भंडारा होगा, इसके बाद रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक भजन संकीर्तन एवं संत प्रवचन होंगे। 30 मार्च को प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक हवन यज्ञ होगा।

### महिला कॉलेज में पूर्व मिलन समारोह कल

**फतेहाबाद।** गांव भोडिया खेड़ा स्थित चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय में 30 मार्च को पूर्व छात्रा मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें महाविद्यालय की पूर्व छात्राओं को एक मंच पर मिलने का अवसर प्राप्त होगा। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. लखबीर कौर ने बताया कि मिलन समारोह के लिए छात्राओं के पंजीकरण हेतू महाविद्यालय ने गूगल लिंकद्य जारी किया है, जिस पर पूर्व छात्राएं अपना पंजीकरण कर सकती हैं।

### सिरसा में युवक 20 ग्राम हैरोइन सहित काबू

**सिरसा।** सीआईए कालांवाली पुलिस ने गश्त के दौरान गांव गदराना क्षेत्र से एक युवक को 20 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। सीआईए कालांवाली प्रभारी विरेंद्र सिंह ने बताया कि एसआई कुलवीर सिंह पुलिस पार्टी के साथ गश्त के दौरान गांव गदराना में मौजूद थे। इस दौरान उन्हें एक युवक खड़ा दिखाई दिया। पुलिस ने शक के आधार पर उक्त युवक को काबू करके उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जा से 20 हैरोइन बरामद हुई।

### होटल के बाहर खड़ी गाड़ी से डीजल चोरी

**सिरसा।** डिंग मंडी क्षेत्र में एक होटल के बाहर खड़ी गाड़ी से चोर 280 लीटर डीजल चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में रामपुरा बिश्नोइयान निवासी महेंद्र ने बताया कि बीती 26 मार्च की रात को उसने उक्त होटल पर खाना खाया और गाड़ी होटल के बाहर खड़ी कर वहीं सो गया। चोरों ने इसी का फायदा उठाकर गाड़ी की टंकी से 280 लीटर डीजल चोरी कर लिया। सुबह गाड़ी के पास आया तो टंकी खुली मिली।

---

### फतेहाबाद के 5 बुनियाद केंद्रों में 125 विद्यार्थियों पर खर्च होगी राशि

# बुनियाद के बच्चों को मिलेगी स्टेशनरी और वर्दी, 4.37 लाख की राशि जारी

- सरकारी स्कूल में पढ़ रहे बच्चों को अच्छी कोचिंग सेंटर में शिक्षा प्राप्त करवाने के लिए बुनियाद योजना का शुभारंभ किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

सरकारी स्कूलों में पढने वाले विद्यार्थियों के लिए शिक्षा विभाग द्वारा शुरू की गई बुनियाद योजना के तहत जिले के 5 विद्यालयों के लिए भारत सरकार द्वारा 4 लाख 37 हजार 500 रुपये की राशि जारी की गई है। यह राशि सरकारी स्कूलों में पढने वाले बुनियाद योजना के तहत चयनित विद्यार्थियों को स्टेशनरी, किताबें, बैग और वर्दी के लिए खर्च की जाएंगी।

बुनियाद कार्यक्रम के तहत शिक्षा ग्रहण कर रहे 9वीं कक्षा के विद्यार्थियों को विभाग द्वारा सत्र 2024-26 के लिए स्टेशनरी, किताबें, बैग और वर्दी दी जाती है। इसको लेकर भारत सरकार द्वारा सर्व शिक्षा अभियान के तहत 4 लाख 37 हजार 500 रुपये की राशि जारी की गई है।

यह राशि बुनियाद केन्द्रों में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों को वर्दी, बैग, किताबें व स्टेशनरी इत्यादि उपलब्ध करवाने के लिए स्वीकृत की गई है। फतेहाबाद जिले में इस समय 5 स्कूलों में बुनियाद केन्द्र चल रहे हैं। इनमें राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भट्टूकलां, राजकीय मॉडल संस्कृति व.मा. विद्यालय भूना, राजकीय मॉडल संस्कृति व.मा. विद्यालय फतेहाबाद, राजकीय मॉडल संस्कृति व.मा. विद्यालय रतिया व राजकीय मॉडल संस्कृति व.मा. विद्यालय टोहाना शामिल है। इन पांचों केन्द्रों पर इस समय 125 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इन सभी विद्यार्थियों पर यह राशि खर्च होगी।



फतेहाबाद। बुनियाद केन्द्र में पढ़ते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

#### केन्द्र वाइज मिली राशि

| बुनियाद केन्द्र छात्र संख्या | | जारी राशि |
|---|---|---|
| राजकीय मॉडल संस्कृति व.मा. विद्यालय भट्टू | 17 | 59500 |
| राजकीय मॉडल संस्कृति व.मा. विद्यालय भूना | 18 | 63000 |
| राजकीय मॉडल संस्कृति व.मा. विद्यालय फतेहाबाद | 29 | 101500 |
| राजकीय मॉडल संस्कृति व.मा. विद्यालय रतिया | 31 | 108500 |
| राजकीय मॉडल संस्कृति व.मा. विद्यालय टोहाना | 30 | 105000 |

#### जिले से बच्चों का होता चयन



मुकेश कुमार, जिला विज्ञान विशेषज्ञ

सरकारी स्कूल में पढ़ रहे बच्चों को अच्छी कोचिंग सेंटर में शिक्षा प्राप्त करवाने के लिए बुनियाद योजना का शुभारंभ किया गया है। बुनियाद योजना के तहत पूरे जिले से विद्यार्थियों का चयन किया जाता है। इसके बाद उन बच्चों को आगे चल कर किस भी फील्ड में जाना है, उस फील्ड में होने वाले एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी अच्छे से अच्छे संस्था में करवाई जाती है। चयनित विद्यार्थियों को न सिर्फ कोचिंग मुफ्त में प्रदान की जाती है बल्कि टेबलेट और अन्य सुविधा को पढ़ाई के लिए जरूरी सभी सुविधा प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत विद्यार्थी आठवीं पास होना चाहिए और सरकारी स्कूल में नौवीं का दाखिला लेना जरूरी है। परीक्षा पास करने के बाद ही लाभ मिलता है। -मुकेश कुमार, जिला विज्ञान विशेषज्ञ

#### राशि भेजी गई



संगीता बिश्नोई, डीईओ

जिले में चल रहे 5 बुनियाद केन्द्रों के 125 विद्यार्थियों के लिए केन्द्र सरकार द्वारा सर्व शिक्षा अभियान के तहत 4 लाख 37 हजार 500 रुपये की राशि जारी की गई है। यह राशि सम्बंधित बुनियाद केन्द्रों में भेजी गई है। यह राशि बुनियाद केन्द्रों में शिक्षा ग्रहण कर रहे 125 विद्यार्थियों को वर्दी, बैग, किताबें व स्टेशनरी आदि पर खर्च की जाएगी। -संगीता बिश्नोई, डीईओ फतेहाबाद

---

### अब 30 को भी खुले रहेंगे सरकारी खजाना कार्यालय और बैंक

**फतेहाबाद।** उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि खजाना एवं लेखा विभाग, हरियाणा द्वारा जारी निर्देशानुसार वित्त वर्ष 2024-25 में लंबित कार्यों के निपटान के लिए जिला में अब 30 मार्च को भी सभी खजाना, उप खजाना कार्यालय व एजेंसी बैंकों को खोलने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में खजाना एवं लेखा विभाग, हरियाणा द्वारा पत्र भी जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 31 मार्च को वित्त वर्ष 2024-25 का अंतिम दिन होने के कारण सरकारी बिलों के लेन देन हेतू जिले के समस्त खजाना, उप-खजाना व सभी संबंधित बैंकों को 31 मार्च को रात्रि 12 बजे तक खुले रखने के आदेश पारित किए गए है। उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों व एजेंसियों को निर्देश दिए है कि वे जारी आदेशों की पालना सुनिश्चित करवाए ताकि वित्त वर्ष 2024-25 के लंबित कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जा सके। इस अवधि के दौरान यह भी सुनिश्चित किया जाए कि इन कार्यालयों में प्राप्त होने वाले बिलों इत्यादि का निष्पादन करेंगे।

---

**मुहिम**

### सिरसाः जेसीडी फार्मेसी कॉलेज में निकाली कैंसर जागरूकता रैली



सिरसा। कैंसर जागरुकता रैली निकालते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

जेसीडी फार्मेसी कॉलेज में शुक्रवार को कैंसर विषय पर सेमिनार एवं जागरूकता रैली हुई। इस कार्यक्रम में विद्यापीठ महानिदेशक डॉ. जयप्रकाश मुख्यअतिथि थे तथा सेमिनार के मुख्यवक्ता सर्वेश अस्पताल, हिसार के कैंसर विभाग केमेडिकल कंसलटेंट डॉ. मुकेश कुमार थे। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. मोहित कुमार ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। मुख्यअतिथि डॉ जयप्रकाश ने कहा कि कैंसर एक जानलेवा बीमारी है और लोगों को शुरुआती लक्षणों और इससे बचाव के तरीकों के बारे में शिक्षित करना जरूरी है। उन्होंने कैंसर को रोकने के लिए एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और कीटनाशक मुक्त भोजन के महत्व को भी समझाया। उन्होंने कहा कि इस सेमिनार का उद्देश्य कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसकी जल्द पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करने के लिए किया जाता है। मुख्यवक्ता डॉ. मुकेश कुमार ने कहा कि लोगों को कैंसर मिथकों को दूर करना चाहिए और कैंसर का पता लगाने, डायग्नोसिस और उपचार के लिए तेजी से कदम उठाने चाहिए। कैंसर कई अन्यकारकों जैसे प्रदूषण, अनहेल्दी लाइफस्टाइल, स्मोकिंग, शराब पीने, रसायनों के कारण भी हो सकता है। सेमीनार के अलावा, कॉलेज ने छात्रों को कैंसर के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए रैली का आयोजन किया गया।

### कौशल दक्षता से होती है आत्मविश्वास में वृद्धिः मेवा सिंह

**सिरसा।** सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ ने शुक्रवार को साक्षात्कार कौशल पर सेमिनार किया। मुख्य वक्ता ओएम स्टर्लिंग विश्वविद्यालय, हिसार से मेवा सिंह ने विद्यार्थियों को साक्षात्कार कौशल को बढ़ाने, प्रभावी बायोडाटा तैयार करने, सफलता के लिए तैयार होने और सार्वजनिक बोलने के कौशल में महारत हासिल करने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कौशल दक्षता से छात्रों को अपने करियर को आत्मविश्वास से आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के समापन पर महाविद्यालय की प्राचार्या रंजना ग्रोवर ने अतिथिगण का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से निश्चित रूप से विद्यार्थियों को सफलता दिलाने में मार्गदर्शन मिलेगा। इस अवसर पर प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. अनु कथूरिया, प्रवक्ता संगीता नंद्वा, डॉ. रमा सर्राफ, डॉ. निशा, डॉ. प्रीति व अन्य मौजूद थे।

---

*पुलिस अधीक्षक ने मालिकों को फोन सौंपे*

## साइबर सेल पुलिस टीम ने ढूंढ निकाले गुम हुए 30 मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। एसपी गुम हुए मोबाइल उनके मालिकों को सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

साइबर सेल पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सुराग जूटा कर आमजन के गुम हुए 30 मोबाइल फोन को ढूंढ निकाले। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शुक्रवार को स्वंय पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने उक्त मोबाइल फोनों के मालिकों को अपने कार्यालय में बुलाकर उनके मोबाइल फोन सौंपे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पुलिस का आभार जताया। इस अवसर पर साइबर सेल प्रभारी सहित पूरी साइबर सेल की टीम मौजूद रही। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि साइबर सेल पुलिस का यह एक सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि जहां गुमशुदा मोबाइल फोन मालिकों को मिलने की खुशी है वहीं उनके मोबाइल फोन अपराधी किस्म के लोगों के हत्थे चढने से भी बचे हैं। उन्होंने कहा है कि पुलिस जांच में अक्सर ये बात सामने आती है कि अपराधी किस्म के लोग गुमशुदा व चोरीशुदा मोबाइल का गलत कार्य में प्रयोग करते हैं । पुलिस अधीक्षक ने आमजन से भी आह्वान किया कि वे अपने मोबाइल फोन को पूरी तरह सुरक्षित रखें और किसी अनजान व्यक्ति को न सौंपे ताकि अपराधी किस्म के लोग उनका फायदा न उठा पाए। उन्होंने कहा कि मोबाइल गुम होने पर तुरंत उसकी सूचना ई दिशा केंद्र में दर्ज कराएं ताकि उसका गलत इस्तेमाल ना हो तथा जल्दी से जल्दी उसे महत्वपूर्ण सुराग जुटाकर ढूंढा जा सके।

---

*प्रबंधक कमेटी को बधाई दी*

## अनु का राष्ट्रीय रॉकेटबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन, विजेताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा




सिरसा। राष्ट्रीय रॉकेटबॉल प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

जिला के गांव सूरतिया के द माउंट स्कूल में आयोजित राष्ट्रीय रॉकेटबॉल प्रतियोगिता में कोच हरप्रीत रोहन के मार्गदर्शन में खिलाड़ी अनु ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। कोच हरप्रीत रोहण ने बताया कि अनु मूल रूप से अबोहर से संबंध रखती है, लेकिन वह भारत की ओर से खेलती हैं। उन्होंने प्रबंधक कमेटी को भी बधाई देते हुए कहा कि इस चैंपियनशिप के आयोजन ने न केवल हरियाणा में बल्कि उत्तर भारत में रॉकेटबॉल को एक नई पहचान दिलाने का काम किया है, जो पूरे भारतवर्ष में प्रथम बार आयोजित की जा रही है। रोहण ने कहा कि यह सुखद अनुभव है कि अमेरिका में थॉमस कार्टर और आलोक मेहता विशेष रूप से यहां आए हैं, जो भारतीय खिलाडियों को प्रशिक्षण देकर इस खेल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अपना योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिका से आए दोनों खिलाड़ी भारत के युवा खिलाडियों को खेल की तकनीक, स्टेमिना बढ़ाने के तरीकों और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के टिप्स देंगे। रोहण ने कहा कि अमेरिका से आए आलोक मेहता व भारतीय रॉकेटबॉल संघ इस खेल को देश के हर कोने तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है तथा आने वाले समय में और अधिक प्रशिक्षण शिविर और प्रतियोगिताएं आयोजित की जाए, ताकि भारतीय खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें।

उन्होंने कहा कि भारतीय खिलाडियों में बहुत अधिक प्रतिभा है तथा वे विश्व स्तर पर अपनी छाप छोडऩे में सक्षम होंगे।

---

### पंचायती राज संस्थाओं के उप चुनाव के लिए मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायती राज संस्थाओं में रिक्त पदों पर उप चुनाव प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची तैयार करने की अधिसूचना जारी की है, जिसमें पंचायती राज संस्थाओं के पंच, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य और जिला परिषद सदस्य के रिक्त पदों के उप चुनाव के लिए संबंधित ग्राम पंचायत, पंचायत समिति की मतदाता सूची तैयार करने के लिए शेड्यूल जारी किया है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) शांतनु शर्मा ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार वार्ड वाइज मतदाता सूची का प्रारूप 5 अप्रैल तक किया जाएगा। इके बाद, 11 अप्रैल को प्रारूप सूची का प्रकाशन किया जाएगा, ताकि आम जनता अपने दावे और आपत्तियां दर्ज कर सके। मतदाता सूची पर आपत्तियां और दावे 18 अप्रैल तक जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए जा सकते हैं, जिनका निपटारा 22 अप्रैल तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यदि कोई आवेदक निर्णय से असंतुष्ट होता है तो वह 25 अप्रैल तक उपायुक्त या उप-जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपील कर सकता है।

---

*बैंक संबंधी निजी जानकारी कभी भी सांझा न करें*

## ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान साइबर फ्रॉड से बचेंः एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

साइबर फ्रॉड से बचने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से विशेष एडवाइजरी जारी करते हुए जिलावासियों से अपील की है जब भी आप ऑनलाइन शॉपिंग करें तो किसी विश्वसनीय वेबसाइट से ही खरीदारी करें, क्योंकि ऐसा करने से आप का डेटा सुरक्षित रहता है और आप साइबर फ्रॉड से बच सकते हैं। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने कहा कि आजकल ई-कॉमर्स वेबसाइट पर लोग ऑनलाइन शॉपिंग करना खूब पसंद करते हैं। आधुनिकता के इस दौर में ऑनलाइन शॉपिंग लोगों के जीवन का हिस्सा बन गया है, खाना हो या घर का कोई अन्य सामान, कुछ ही घंटों में सबकुछ घर पर ही डिलीवर हो जाता है, लेकिन कई बार ऑनलाइन शॉपिंग करते समय लोग फर्जी ई-कॉमर्स साइट्स पर भी भरोसा कर लेते हैं। इससे न सिर्फ घटिया सामान मिलता है बल्कि हजारों रुपए का चूना भी लग जाता है। इस तरह के फ्रॉड से बचने के लिए जरूरी है कि समय रहते आप सतर्क हो जाएं, जिससे भविष्य में किसी तरह के फ्रॉड का शिकार होने से बचा जा सके। व्हाट्सएप या ई-मेल पर आए किसी भी संदिग्ध लिंक पर बैंक संबधी किसी भी प्रकार की निजी जानकारी सांझा न करें, क्योंकि ऐसा करने से वे साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो सकते हैं। एसपी ने कहा कि आपकी थोड़ी सी लापरवाही वर्षो की मेहनत की कमाई गवां सकती है, इसलिए लोगों को अपने ई-मेल या वाट्सएप पर ऐसे लिंक पर क्लिक करते समय आवश्यक सावधानी बरतनी चाहिए। हैकर्स द्वारा फर्जी मैसेज डालकर आपके बैंक से संबंधित अकाउंट को ब्लॉक करने के बहाने जानकारी उपलब्ध कर ठगी का शिकार बना लेते है। फ्रॉड कॉल करने वाले अक्सर 24 घंटे के अंदर खाता ब्लॉक करने का दबाव बनाकर जानकारी हासिल कर आमजन से ठगी करते हैं।

---

### राष्ट्रीय अखंडता व भाईचारे की कामना को लेकर की इफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

- इफ्तार पार्टी में सिरसा की पांचों मस्जिदों के इमाम व अन्य पहुंचे

देश की एकता, अखंड़ता, आपसी भाईचारे की मजबूत डोर व सभी की सुख समृद्धि की कामना को लेकर मुस्लिम समाज की ओर से गणमान्यजनों के लिए इफ्तार का आयोजन किया। जेजेपी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अकबर खान व सलाउद्दीन की मेजबानी में अग्रसेन कॉलोनी स्थित सलाउद्दीन के आवास पर आयोजित इफ्तार पार्टी में सिरसा की पांचों मस्जिदों के इमाम के अलावा डॉ. हलीम अख्तर, आस्था अस्पताल के डीएम डॉ. तारीक, डॉ. मुनीष, डॉ. शमशेर खारियां, यासिन, अहमद बाबा, हाजी युसूफ खान, जामा मस्जिद के हाफिज मौलाना सुलेमान, लोको मस्जिद के कारी साहब, बादशाह खान, कादिर खान, बेगू रोड स्थित मस्जिद के इमाम सहित मुस्लिम समाज के अनेक गणमान्यजन मौजूद थे। इस अवसर पर अकबर खान ने उपस्थितजनों से कहा कि भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था की कितनी खूबसूरती है कि यहां सभी पंथों के लोग अपनी समृद्ध परंपराओं से अपने पर्वों को हर्षोल्लास से मनाते हैं जिसमें सभी वर्ग सम्मिलित होते हैं जिससे खुशियां दोगुणी हो जाती हैं।

---

## हरियाणा अंडर-19 क्रिकेट का नया ध्रुव कनिष्क चौहान, बधाई देने वालों का तांता

*जिला क्रिकेट सचिव डॉ. बेनीवाल बोले, प्रतिभा को मिली तरजीह*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा




सिरसा। कनिष्क चौहान व उनके प्रशिक्षक जसकरण सिंह को मिठाई खिलाकर बधाई देते डॉ. वेद बैनीवाल।

जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव डॉ. वेद बैनीवाल ने कहा कि हाल ही में सिरसा के अंडर-19 क्रिकेट के उभरते सितारे कनिष्क चौहान ने अपनी जिस प्रतिभा के बल पर हरियाणा अंडर-19 क्रिकेट में जो विशिष्ट पहचान बनाई है, उससे न केवल वे बल्कि सिरसा का प्रत्येक क्रिकेट प्रेमी पुलकित, हर्षित है। डॉ. बैनीवाल ने कहा कि बीसीसीआई द्वारा शीघ्र ही देश के पांच भागों में अंडर-19 आयु वर्ग के खिलाडिय़ों के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित करेगा जिसमें सिरसा के इस होनहार ऑलराउंडर खिलाड़ी कनिष्क चौहान का चयन राजकोट में लगने वाले शिविर में हुआ है। कनिष्क चौहान आगामी 1 अप्रैल को इस कैंप को ज्वाइन करेगा। डॉ. बैनीवाल ने कहा कि साधारण किसान परिवार से आने वाले कनिष्क चौहान ने बगैर किसी सिफारिश के महज अपनी प्रतिभा के बल पर हरियाणा और देश का ध्यान खींचा है। उन्होंने आशा प्रकट की कि प्रतिभा के आधार पर कनिष्क चौहान निकट भविष्य में देश की अंडर-19 का हिस्सा होगा जो सिरसा के साथ-साथ समूचे प्रदेश के लिए गौरव का क्षण होगा।

#### युजवेंद्र चहल भी है हरियाणा का गौरव

डॉ. वेद बैनीवाल कहते हैं कि कनिष्क चौहान से पूर्व देश के प्रथम पंक्ति के स्पिनर युजवेंद्र चहल भी हरियाणा का गौरव हैं जो उनके व हरियाणा के गुणी प्रशिक्षकों के हाथ से निकला है। डॉ. बैनीवाल के मुताबिक जिस गंभीरता से शिद्दत से कनिष्क चौहान क्रिकेट की ऊंचाईयों को छू रहे हैं, निश्चित ही वे नवीन खिलाडिय़ों के लिए आदर्श हैं। काबिलेजिक्र है कि कनिष्क चौहान इस समय सिरसा की अंडर-19 क्रिकेट टीम का कप्तान है और सिरसा की शाह सतनाम क्रिकेट अकादमी में प्रशिक्षण ले रहा है।

---

**आस्था** साल की पहली शनिश्चरी अमावस्या का विशेष संयोग

## शनिश्चरी अमावस्या आज, पितृ तर्पण करने से मिलेगी पितृ दोष से मुक्ति और जीवन में आने वाले सभी संकट होंगे दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



श्रद्धालुओं को विधि विधान से पितृ तृपण व पूजा पाठ करना होगा

फतेहाबाद। पंडित राजेश शर्मा।

इस बार चैत्र माह की अमावस्या आज शनिवार 29 मार्च को पड़ रही है, जोकि बेहद शुभ है। यह अमावस्या साल की पहली शनिश्चरी अमावस्या का विशेष संयोग लेकर आई है, जिसमें सूर्य ग्रहण और शनि गोचर भी शामिल हैं। इस दिन विधिपूर्वक पूजा पाठ और दान करने से जीवन में आने वाले संकट तो दूर होंगे, साथ ही पितरों की कृपा के साथ शनि देव की कृपा प्राप्त भी प्राप्त होगी। अमावस्या का लाभ उठाने के लिए श्रद्धालुओं को विधि विधान से पितृ तृपण व पूजा पाठ करना होगा। ज्योतिष गणना के अनुसार चैत्र अमावस्या तिथि 28 मार्च को रात 7:55 बजे प्रारंभ होगी और 29 मार्च को शाम 4:27 बजे समाप्त होगी। ऐसे में व्रत और पूजा 29 मार्च शनिवार के दिन ही की जाएगी।

**पितृ दोष की मुक्ति के लिए खास :** फतेहाबाद के प्रसिद्ध ज्योतिषचार्य राजेश शर्मा ने बताया कि जो लोग पितृ दोष से मुक्ति की कामना करते हैं, उन्हें इस दिन सुबह उठ कर सूर्य देव को अध्य देना चाहिए। फिर अपने पितरों का तर्पण या पिंडदान करवाना है। इसके बाद पितृ चालीसा का पाठ और वैदिक मंत्रों का जाप करना है। ऐसा करने से पितृ दोष का प्रभाव कम होगा। इसके साथ ही उन्हें मोक्ष मिलेगा। उन्होंने बताया कि 29 मार्च को चैत्र माह की अमावस्या पितरों को समर्पित है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यदि किसी जातक की कुंडली में पितृ दोष है, तो चैत्र अमावस्या पर विशेष पूजा और तर्पण करना लाभकारी होता है।

**इस प्रकार करें पूजन :** पंडित राजेश शर्मा ने बताया कि चैत्र अमावस्या के दिन स्नान आदि के बाद पितरों के नाम का गरीबों और जरूरतमंद लोगों को अन्न, वस्त्र, धन और भोजन का दान करें। अमावस्या ब्राह्मणों को भोजन कराएं और उन्हें क्षमतानुसार दान व दक्षिणा भी दें। पीपल पेड़ पर जल और दूध अर्पित करें। अमावस्या के दिन गाय, कौआ, कुत्ता को भोजन कराएं। घर के बाहर दक्षिण दिशा में तेल का दीया जलाएं। यह दिशा पितरों की मानी जाती है। तो दक्षिण दिशा में दीया जलाने से पूर्वज प्रसन्न होते हैं।

#### पितृ तर्पण के लिए उत्तम

*पंडित राजेश शर्मा के अनुसार चैत्र अमावस्या की तिथि बेहद ही विशेष मानी जाती है। यह दिन पितरों का पिंडदान के लिए विशेष लाभदायी है। जिन लोगों को पितरों की मृत्यु की तिथि नहीं पता है, उन्हें इस दिन तर्पण या पिंडदान करना चाहिए। मान्यता है कि अमावस्या के दिन पितृ धरती लोक पर आते हैं उस दिन पितरों को प्रसन्न करने के लिए सबसे उत्तम माना जाता है। अमावस्या के दिन पितरों का तर्पण, पिंडदान-श्राद्ध किया जाता है। कुंडली में पितृ दोष है तो चैत्र अमावस्या के दिन पितरों का तर्पण जरूर करें। इससे आपको पितृ दोष से मुक्ति मिलेगी।*

## खबर संक्षेप

### भूना मंडी में 230 मीट्रिक टन सरसों की आवक

**फतेहाबाद।** उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा सरसों की सरकारी खरीद जारी है, जिसको लेकर मंडियों में व्यापक प्रबंध किए गए है। भूना की अनाज मंडी में वीरवार शाम तक 230.1 मीट्रिक टन सरसों की आवक हुई है। अभी तक आई आवक में से 178 मीट्रिक टन सरसों को खरीद लिया गया जिसमें से 81 मीट्रिक टन का उठान कर लिया गया है। मंडी में किसानों के लिए, शौचालय, पीने के पानी तथा फसलों के लिए शैड की उचित व्यवस्था की है।

### प्रतिभा पहचानने के लिए 30 मार्च को होगा टेस्ट

**भूना।** न्यू सनराइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने विजडम क्लासेज ऑफ साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स के साथ साझेदारी की है। इसका मकसद विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा देना और उनकी क्षमताओं को निखारना है। इस पहल के तहत स्कूल में टैलेंट डिस्कवरी टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। यह परीक्षा 30 मार्च, रविवार को स्कूल परिसर में होगी। परीक्षा सुबह साढ़े 10 बजे शुरू होगी और दोपहर साढ़े 12 बजे तक चलेगी। इसमें 12वीं कक्षा तक का कोई भी विद्यार्थी भाग ले सकता है।

### बालश्रम करवाने पर दुकानदार पर केस दर्ज

**सिरसा।** शहर में एक बच्चा दुकान पर करते हुए पाया गया है। मामले में दुकानदार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इससे पहले बच्चे की बाल कल्याण समिति की चेयरपर्सन ने काउंसलिंग की और आगामी कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए। इस मामले में चाईल्ड एक्ट एडोसमेन्ट आफ लेबर एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि इस तरह दुकानों में कई और जगह बच्चे काम करते हुए मिल सकते हैं। कुछ दुकानों पर घंटों के हिसाब से सस्ते में काम करवाते हैं और उनको मजदूरी दे दी जाती है।

### पुलिस ने लापता बच्चे को ढूंढकर परिजनों को सौंपा

**कालांवाली।** पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत कार्रवाई करते हुए मात्र डेढ़ घंटे में घर से लापता हुए बच्चे को ढूंढकर उसके परिजनों से मिलवाने का कार्य किया है। अपने खोए हुए बच्चे को वापिस पाकर अभिभावक खुश हए व डबवाली पुलिस का धन्यवाद किया। कालांवाली चौकी प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि कुलवीर सिंह पुत्र नाजर सिंह निवासी मंडी कालांवाली ने पुलिस को दी सूचना में बताया कि उनका पोता हरजोत खेलते-खेलते घर से कहीं चला गया था। जो शिकायतकर्ता की दी हुई बच्चे की फोटो के आधार पर तत्परता से छानबीन की।

### मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया शुरू

**सिरसा।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायती राज संस्थाओं में रिक्त पदों पर उप चुनाव प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची तैयार करने की अधिसूचना जारी की है, जिसमें पंचायती राज संस्थाओं के पंच, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य और जिला परिषद सदस्य के रिक्त पदों के उप चुनाव के लिए संबंधित ग्राम पंचायत, पंचायत समिति की मतदाता सूची तैयार करने के लिए शेड्यूल जारी किया है।

### श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव 29 को

**रतिया।** श्री लखदातार श्याम परिवार द्वारा बीड़ बबरान धाम हिसार के पुजारी विनय शर्मा के पावन सानिध्य में चतुर्थ श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव का भव्य आयोजन अनाज मंडी परिसर में 29 मार्च दिन शनिवार को सायं 7 बजे से श्याम बाबा की इच्छा तक बड़ी धूमधाम से किया जाएगा। भव्य महोत्सव में कैबिनेट मंत्री हरियाणा सरकार रणबीर गंगवा, रतिया विधायक जरनैल सिंह, चेयरमैन ब्लॉक समिति रतिया केवल मेहता, प्रमुख समाजसेवी विपिन बांसल, डॉ. रमेश गुप्ता, प्रहलाद राय मित्तल, हिमांशु जिंदल व यादविंद्र चहल बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। मंच संचालन प्रिंस बजाज करेंगे।

### मांगों को लेकर वर्कर्स ने किया प्रदर्शन

# दबाव बनाकर आंगनबाड़ी वर्कर्स को प्रताड़ित कर रहे अधिकारी : झलनियां

- आंगनबाड़ी वर्कर्स के तीन दिवसीय पड़ाव का समापन, विभाग पर लगाया अनदेखी का आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हैल्पर्स द्वारा अपनी मांगों को लेकर डीसी कार्यालय पर डाले गए तीन दिवसीय पड़ाव का शुक्रवार को समापन हुआ। तीसरे दिन भी जिलेभर से पहुंचे सैंकड़ों आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हैल्पर्स ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और महिला एवं बाल विकास विभाग पर अनदेखी का आरोप लगाया। यूनियन ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने उनकी मांगें नहीं मानीं, तो आंदोलन और भी तेज किया जाएगा। आज के प्रदर्शन का नेतृत्व आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हैल्पर्स यूनियन की जिला प्रधान सुनीता झलनियां ने किया और संचालन माया पूनियां ने किया। प्रदर्शन के बाद यूनियन द्वारा तहसीलदार को मुख्यमंत्री और समाज कल्याण मंत्री के नाम मांगों बारे ज्ञापन सौंपकर इन्हें जल्द पूरा करने की मांग की। धरने को सीटू के जिला कोषाध्यक्ष बेगराज, किसान सभा के जिला प्रधान राजेन्द्र प्रसाद बाटू, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान भोला सिंह, नौजवान सभा से पवन कुमार, पतराम, रामचन्द्र के अलावा सावित्री देवी, इन्द्रो, रजनी, सुनीला, शशिकला, ज्योति आदि ने भी संबोधित किया।

आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन की जिला प्रधान सुनीता झलनियां ने मांग पत्र में शामिल किए गए मांगों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि नया पोषण ट्रेकर ऐप में काम करने में वर्कर्स को अनेक परेशानियां आ रही है। इसमें जो फोटो कैपचर का प्रावधान किया गया है, विभाग द्वारा दिए गए फोन और नेटवर्क की हालात के चलते यह संभव नहीं हो पा रहा है। उच्च अधिकारियों द्वारा भारी दबाव बनाकर आंगनबाड़ी वर्करों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है इसलिए नए पोषण ट्रेकर ऐप को तुरंत बंद किया जाए। इसके अलावा राज्य में आंदोलन के दौरान बनाए गए पुलिस केस रद्द हो। हड़ताल के दौरान बर्खास्त वर्करों व हैल्परों का मानदेय तुरंत दिया जाए। हटाई गई आंगनबाड़ी वर्करों को तुरंत बहाल किया जाए। वर्कर्स एवं हैल्पर्स को कुशल, अकुशल की श्रेणी में रखा जाए व ग्रेच्युटी लाभ दिया जाए। पदोन्नति वरिष्ठ के आधार पर की जाए। केन्द्रों के किराये का तुरंत भुगतान हो। खाली पड़े पदों पर तुरंत भर्ती की जाए। लंबे समय से बंद पड़े टीए-डीए का भुगतान किया जाए। रिटायरमेंट से पहले प्राकृति तौर पर मृत्यु होने पर परिजनों को 2 लाख की आर्थिक सहायता दी जाए। दुर्घटना में मृत्यु होने पर 5 लाख मुआवजे का प्रावधान हो। प्ले वे स्कूल और क्रेच केन्द्रों में कार्यरत वर्कर्स एवं हैल्पर्स को अतिरिक्त मानदेय दिया जाए व रोशन में आ रही परेशानियों को सरकार दूर करे।


**फतेहाबाद।** डीसी कार्यालय के बाहर धरना देती आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हैल्पर्स।

# पहले मोह-माया में फंसा रहता है इंसान समय जाने पर पछताता है : संत सुखदेवानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सुन्दर नगर स्थित निजी स्कूल में तीन शाम श्री योग गुरू जी के नाम कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया। यह कार्यक्रम परमहंस श्री योग दरबार श्री श्री 1008 श्री योग शब्दानन्द महाराज व श्री स्वामी अनुभवानन्द महाराज की कृपा से सम्पन्न हुआ। तीन दिन तक चले इस कार्यक्रम का संगत ने पूरा आनंद उठाया। श्रद्धालु भरत टूटेजा ने बताया कि परमहंस श्री योग दरबार श्री श्री 1008 श्री योग शब्दानन्द महाराज व श्री स्वामी अनुभवानन्द महाराज के आशीर्वाद से धर्म प्रमुख एवं संचालक ट्रस्ट संत श्री सुखदेवानन्द महाराज ने अपने प्रवचनों में कहा कि जो भगवान का भजन करता है वो व्यक्ति भगवान का जीव होता है। ये संत संगतों का उद्धार करने के लिए, इस धरती पर अवतरित होते हैं। संत हमेशा अपने प्रवचनों में गुरु का ध्यान लगाकर भगवान का सिमरन करने का आग्रह करते हैं, लेकिन इंसान पूरा दिन मोह माया में ही फंसा रहता है और बाद में समय चले जाने के बाद पछताता है। उन्होंने कहा कि जीवन अच्छा बनाना है तो रोजाना भगवान का सिमरन करो। इस दौरान संतों ने संगतों को आशीर्वाद देकर निहाल किया। इस बीच कुटिया दिल्ली से संत सर्वयोगा नंद ने सुंदर सुंदर भजनों से रसमयी माहौल बना दिया। कार्यक्रम के दौरान भजन गायक भरत टूटेजा ने अपने भजनों से सभी को नाचने पर मजबूर कर दिया। श्री योग अनुभव सेवा समिति ने सभी का आभार व्यक्त किया।


**फतेहाबाद।** तीन शाम श्री योग गुरू जी के नाम कार्यक्रम में उपस्थित संत महात्मा व श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### 30 को सम्वतोत्सव पर हजारों श्रद्धालु नवाएंगे शीश

**सिरसा।** डेरा बाबा सरसाईनाथ में आयोजित होने वाले सदियों पुराने नव संवतोत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। हिंदू नव वर्ष आगामी 30 मार्च को है। नव संवत के अवसर पर आयोजित होने वाले सम्वतोत्सव को लेकर डेरा बाबा सरसाईनाथ को भव्य तरीके से सजाया गया है। इस अवसर पर प्रातः से ही श्रद्धालु बाबा सरसाईनाथ जी की समाधि पर शीश नवाने पहुंचेंगे। मुगलकालीन इस डेरे की बहुत महत्ता है और सिरसा नगर का नामकरण भी बाबा सरसाईनाथ के नाम पर ही पड़ा है। नव सम्वतोत्सव पर हर वर्ष हजारों श्रद्धालु यहां आते हैं। बाबा की समाधि पर शीश नवाते हैं और मन्नत रंग की चादर अर्पित करते हैं। डेरा के महंत बाबा सुंदराईनाथ जी का आशीर्वाद लेते हैं। डेरा बाबा सरसाईनाथ के महंत सुंदराई नाथ ने बताया कि नव सम्वतोत्सव के अवसर पर डेरा परिसर को फूलों, विद्युत चलित लड़ियों से सजाया गया है। महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं के लिए आने जाने के लिए अलग अलग व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर आयोजित होने वाले भव्य कार्यक्रम में व्यवस्था बनाए रखने के लिए सेवादारों की ड्यूटी लगाई गई है। डेरा परिसर में शहनाई वादन, कलाकारों के द्वारा सुंदर सुंदर झांकियां प्रस्तुत की जाएगी। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा।

*न्याय को सुगम बनाया जा रहा*

# जस्टिस संजय वशिष्ठ ने रानियां ग्राम न्यायालय का किया दौरा

- पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश संजय वशिष्ठ ने किया रानियां ग्राम न्यायालय का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रानियां

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस संजय वशिष्ठ शुक्रवार को रानियां पहुंचें और ग्राम न्यायालय का निरीक्षण किया। रानियां बार एसोसिएशन के सचिव एडवोकेट रण्जीत सिंह ने न्यायाधीश जस्टिस संजय वशिष्ठ के समक्ष चैंबर निर्माण के लिए 3 कनाल जगह उपलब्ध करवाने, ग्राम न्यायालय के साथ लगती अन्य भूमि को ग्राम न्यायालय को उपलब्ध करवाने की मांग सहित रानियां ग्राम न्यायलय को स्थाई न्यायालय बनाने सहित अनेक मांगे रखी। उन्होंने यह भी कहा कि रानियां क्षेत्र के ज्यादातर मामले ऐलनाबाद सब डिविजन न्यायालय में विचाराधीन हैं जिसके लिए लोगों को 30 किलोमीटर का सफर तय करके रानियां की जगह ऐलनाबाद जाना पड़ता है, ऐसे मामलों को सिविल कोर्ट कैंप के माध्यम से रानियां ग्राम न्यायलय में सुने जाएं ताकि लोगों को सुविधा हो सके।

बार एसोसिएशन की मांगों के देखते हुए न्यायाधीश ने कहा कि रानियां को स्थायी न्यायालय बनाने के लिए पहले उपमंडल का होना जरूरी है तभी स्थायी न्यायालय बनाया जा सकता है जिसके लिए उन्होंने अधिवक्ताओं को सरकार से सब डिविजन बनाने की मांग का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि जैसे ही रानियां सब डिविजन बन जाएगा तभी स्थायी न्यायालय का निर्माण भी हो सकेगा। उन्होंने दूसरी मांगों पर बोलते हुए कि वे अपनी मांगों को जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मामध्य से उच्च न्यायालय तक पहुंचाएं जिन्हें कमेटी के समक्ष रखकर पूरा करवाया जाएगा।


**सिरसा।** रानियां के ग्राम न्यायालय परिसर में पौधारोपण करते जस्टिस संजय वशिष्ठ।


**भट्टूकलां।** इलाज के लिए आर्थिक सहायता देते समाज के लोग।

### इलाज के लिए समाज ने दी आर्थिक सहायता

**फतेहाबाद।** गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगो की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है, इसलिए अपने साम्थ्य अनुसार ऐसे लोगों की मदद करनी चाहिए। यह बात ढाढी समाज के प्रदेश अध्यक्ष मुरलीधर गिलाखेड़ा व उपप्रधान जगदीश मालिया ने कही। उन्होंने गांव बड़ोपल निवासी महेंद्र पुत्र कालू राम को बीमारी के इलाज के लिए समाज की ओर से 15 हजार रुपए की राशि सहायता के रूप में दी और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। मुरलीधर ने कहा कि उनके समाज ने प्रदेश स्तर पर एक संगठन बनाया है जो ढाढी समाज के गरीब, बीमार बेसहारा लोगों की सहायता करने का प्रयासरत रहेगा। इस दौरान पीड़ित परिवार ने समाज के पदाधिकारियों व सदस्यों का आर्थिक सहायता के लिए आभार प्रकट किया।

# किसानों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

- मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा ने ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किसानों ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में धरना प्रदर्शन किया तथा उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति व पंजाब के राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। डॉ. सुखदेव सिंह जम्मू ने बताया कि पिछले कुछ समय से पंजाब सरकार केंद्र सरकार के साथ मिलकर किसानों की जायज मांगों के लिए चल रहे संघर्ष के खिलाफ पुलिस के जरिए दमन अभियान चला रही है।

यद्यपि देश के संविधान के अनुसार देश के नागरिकों को अपनी जायज मांगों के लिए संघर्ष करने का मौलिक लोकतांत्रिक अधिकार प्राप्त है, लेकिन पिछले दिनों संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा चंडीगढ़ में बीती 5 मार्च से किए जाने वाले सात दिवसीय धरने को खत्म कर पूरे प्रदेश को खुली जेल में तब्दील कर दिया गया। बीती 19 मार्च को केंद्र सरकार के मंत्रियों से बातचीत कर लौट रहे किसान नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। शंभू और खनौरी में बुलडोजर चलाकर किसानों के धरनास्थलों को जबरन उठा दिया गया।

ट्रैक्टर-ट्रॉलियों सहित किसानों के उपकरण तोड़ दिए गए। बड़े पैमाने पर सामान चोरी होने की खबरें आ रही हैं। राज्य में पुलिस राज्य स्थापित कर जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचला जा रहा है। कर्नल पुष्पिंदर सिंह बाठ के खिलाफ पुलिस की बर्बरता और सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद लोगों के घरों को बुलडोजर से ध्वस्त करना इसके ज्वलंत उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा किया जा रहा अंधाधुंध बल प्रयोग बंद किया जाए तथा जनता के संघर्ष के लोकतांत्रिक अधिकार को बहाल किया जाए। गिरफ्तार या जेल में बंद सभी किसानों को बिना शर्त रिहा किया जाए।


**सिरसा।** मांगों को लेकर प्रदर्शन करते किसान। फोटो : हरिभूमि


**सिरसा।** सरकारी स्कूल में दाखिला बढ़ाने को स्टाफ सदस्य अभिभावकों से मिलते हुए।

# शिक्षकों ने प्रवेश उत्सव चलाया

**सिरसा।** सरकारी स्कूलों में दाखिलों को लेकर स्टाफ की ओर से जोर शोर से अभियान शुरू कर दिया गया है। इसी कड़ी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अली मोहम्मद के स्टाफ सदस्यों द्वारा विद्यालय में दाखिला बढ़ाने के लिए घर-घर जाकर सर्वे किया गया। इस अवसर पर प्रिंसीपल दीवान सिंह व एसएमसी प्रधान रूली राम ने कहा कि सरकारी स्कूलों में सरकार की ओर से विद्यार्थियों के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है, जिनसे विद्यार्थी लाभांवित हो रहे हैं। अनुभवी स्टाफ द्वारा बच्चों को आधुनिक शिक्षा ग्रहण करवाई जा रही है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए अधिक से अधिक दाखिले सरकारी स्कूलों में करवाएं। इस मौके पर कालू दास, स्टाफ सदस्य डॉ. मनोज त्यागी, ममता, सरला, सरिता, अनु, कुलदीप सिंह, सतपाल, मनदीप सिंह, सेवक दास सहित सभी सदस्य मौजूद थे।


**फतेहाबाद।** नामांकन अभियान के दौरान गांव सांचला में ग्रामीण सभा को संबोधित करते अध्यापक। *फोटो : हरिभूमि*

# दाखिले को लेकर चलाया अभियान

**फतेहाबाद।** सरकारी स्कूलों में दाखिले को लेकर अध्यापकों द्वारा जोर-शोर से नामांकन अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव सांचला के अध्यापकों ने सरकारी स्कूल में दाखिले को लेकर गांव के चौक में एक सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ फतेहाबाद की टीम भी पहुंची। इस टीम में जिला प्रधान राजपाल मिताथल, जिला सचिव देसराज माचरा, जिला संगठन सचिव राजकुमार, राज्य ऑडिटर सुरजीत दुसाद व राज्य उप महासचिव कृष्ण नैन शामिल रहे। सभा का संचालन राजकुमार ने किया वहीं गांव के सरपंच राजेंद्र खटक भी उपस्थित रहे। सरपंच राजेन्द्र खटक ने कहा कि उनका बेटा भी सरकारी स्कूल की दसवीं कक्षा का छात्र है। इस गांव की बेटियों ने पूरा संघर्ष करके अपने गांव के स्कूल को हाई स्कूल से वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनवाया था। सभा को संबोधित करते हुए अध्यापक राजपाल मिताथल व कृष्ण नैन ने कहा कि गांव का प्रत्येक बच्चा सरकारी स्कूल में दाखिला लें। इस मौके पर सरकारी प्राथमिक स्कूल के मुख्य शिक्षक रामकिशन, दलीप भाकर, सुंदर सिंह, मौलिक मुख्य अध्यापक राजेश कुमार, रामनिवास, अनिल, संदीप माचरा, सुनीता, संदीप वर्मा ने भी ग्रामीणों से अपने बच्चों का सरकारी स्कूल में दाखिला करवाने का आग्रह किया।


**सिरसा।** शिविर में रक्तदान करते रोडवेज के अधिकारी व कर्मचारी।

# रक्तदान जन सेवा को समर्पित

**सिरसा।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित संवेदना-2 अभियान के तहत हरियाणा परिवहन सिरसा डिपो में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर महा प्रबंधक अजय दलाल ने कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई बड़ा दान नहीं हो सकता। प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन में रक्त दान अवश्य करना चाहिए। यह दूसरे व्यक्ति के जीवन बचाने में तो सहायक होता ही है। साथ में रक्तदान करने वाले का स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है। यातायात प्रबंधक सुधीर कुमार और अकाउंट ऑफिसर राजेश कुमार ने खुद रक्तदान कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर संस्थान प्रबंधक रतनलाल नुइया, चीफ इंस्पेक्टर राकेश कंबोज, टीम निफा सिरसा से नैशनल यूथ अवॉर्डी अनिल कुमार ढिढारिया, हरियाणा निफा महासचिव दलबीर सिंह, रंजीत टक्कर, राजेंद्र खारिया, कांता देवी साहित कैंप व्यवस्था में जन कल्याण समिति मम्मद खेड़ा गौतम झोरड़, हरियाणा परिवहन डिपू सिरसा के विभिन्न यूनियन के पदाधिकारियों ने स्वयं रक्तदान कर रक्तदान जन जागरूकता अभियान को आगे बढ़ाया। इस अवसर पर सांझा मोर्चा के नेता पृथ्वी सिंह चाहर, रिछपाल सिंह संधू, आत्माराम बैनीवाल, लादूराम सहित अन्य मौजूद रहे।

### हादसे में युवक की मौत

**सिरसा।** चौपटा-भूना रोड पर पिकअप गाड़ी ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचाया। यहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। चौपटा थाना पुलिस ने मृतक के परिजनों का बयान दर्ज कर अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार गांव बुड्ढाखेड़ा निवासी 18 वर्षीय सुनील बुधवार को गांव मंदोरी में अपनी रिश्तेदारी में गया था। बुधवार शाम करीब 3 बजे वह बाइक लेकर चौपटा के रास्ते गांव की ओर आ रहा था।

**शिविर** | बीएड कॉलेज में एनएसएस शिविर का समापन

# विद्यार्थियों ने स्वच्छता और नशामुक्ति का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

एमएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन की एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित साप्ताहिक एनएसएस शिविर का समापन हुआ। एनएसएस कैम्प के दौरान विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न तरह की गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कॉलेज प्रांगण में आयोजित समापन समारोह में मुख्यअतिथि के तौर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से दिनेश कुमार ने भाग लिया और एनएसएस वॉलंटियर्स को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने गीत, नृत्य और नाटक के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. जनक रानी ने स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया तथा सफल आयोजन पर स्टाफ सदस्यों व एनएसएस इंचार्ज को बधाई दी। एनएसएस इंचार्ज डॉ. कमला जोशी ने कैंप के उद्देश्यों और उपलब्धियों पर चर्चा की और सप्ताहभर की गतिविधियों बारे जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैम्प की शुरूआत में पहले दिन स्वयंसेवकों ने गांव भोडियाखेड़ा में पंचायत सभा की साफ सफाई की और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। इसके अलावा बाबा रामदेव मन्दिर में दर्शन कर मन्दिर परिसर की सफाई अभियान चलाया। दूसरे दिन कॉलेज से सरकारी अस्पताल तक नशामुक्ति को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। स्वयंसेवकों ने सरकारी अस्पताल स्थित नशामुक्ति केन्द्र में जाकर वहां नशे की चपेट में आए युवकों से बातचीत की। अगले दिन स्वयंसेवकों ने गुरुद्वारा झाड़ साहब का भ्रमण कर आध्यात्मिक और सांस्कृतिक अनुभव प्राप्त किया और गुरुद्वारे की सफाई मे भी अपना योगदान दिया। इसके अलावा झुग्गी झोपड़ी में जाकर जरूरतमंद बच्चों को कपड़े व खाने का सामान वितरित किया। इसी दिन शहीदी दिवस के अवसर पर स्वयंसेवक शहीद स्मारक पर गए और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। चौथे दिन गुरु कृपा अपना घर आश्रम में जाकर वहां रह रहे बुजुर्गों व वृद्धों के साथ समय व्यतीत किया वहीं गऊशाला में जाकर गायों को चारा डाला। कैम्प के पांचवें दिन विश्वास रिहैबिलिटेशन सेंटर का दौरा किया गया, जिससे समाज में सुधार और पुनर्वास के प्रयासों को करीब से समझने का अवसर मिला। छठे दिन विद्यालय में स्वच्छता की शपथ ली गई।



**फतेहाबाद।** बीएड कॉलेज में एनएसएस कैम्प के समापन पर स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित करते प्राचार्या डॉ. जनक रानी। फोटो : हरिभूमि

### सीडीएलयू के टॉप-10 परीक्षा परिणाम में महाविद्यालय छाया

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय द्वारा प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम जारी किया गया है, जिसमें शाह सतनाम जी गर्ल्स महाविद्यालय के स्नातकोत्तर अंग्रेजी, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन और मैथ्स में छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में अपना दबदबा कायम रखा है। छात्राओं की उत्कृष्ट सफलता पर कॉलेज प्रिंसीपल डॉ. गीता मोंगा ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कॉलेज के परीक्षा परिणाम में बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उपरोक्त स्नातकोत्तर परीक्षाओं में एम.ए. इंग्लिश में छात्रा प्रगति ने विश्वविद्यालय में सातवां और कुमारी शीतल ने नौवां स्थान प्राप्त किया है। एम.ए. पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में छात्राओं का प्रदर्शन शानदार रहा।

**न्यायालय श्री रवि कुमार नायब तहसीलदार कम सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी, डबवाली।**

सिमरन सिंह वगैरा बनाम फलेल सिंह वगैरा

**दरख्वास्त तकसीम भूमि। खेवट नम्बर 124**

**बनाम :-**

1- फलेल सिंह मृतक पुत्र बीर सिंह पुत्र लाल सिंह, बजरिया जायज वारसान :- 1-ए/ मनजिन्द्र सिंह पुत्र फलेल सिंह पुत्र बीर सिंह 1-बी/सुखविन्द्र सिंह पुत्र फलेल सिंह पुत्र बीर सिंह 1-सी/मनजीत कौर पत्नी फलेल सिंह पुत्र बीर सिंह निवासीगण गली नंबर 4/1, धोबियाना, बठिंडा 2- गुरजण्ट सिंह मृतक पुत्र बीर सिंह पुत्र लाल सिंह बजरिया जायज वारसान :- 2-ए / जसकरण सिंह पुत्र गुरजण्ट सिंह पुत्र बीर सिंह 3- गुरमेल सिंह पुत्र बीर सिंह पुत्र लाल सिंह 4- बलविन्द्र सिंह पुत्र सुखदेव सिंह पुत्र बीर सिंह 5- हरपाल सिंह पुत्र सुखदेव सिंह पुत्र बीर सिंह 6- गुरदीप सिंह पुत्र बलबीर सिंह पुत्र बीर सिंह 7- निक्का सिंह पुत्र बलबीर सिंह पुत्र बीर सिंह निवासीगण गांव सेखू तहसील तलवण्डी साबो जिला बठिण्डा (पजांब) 8- पप्पो कौर पुत्री सुखदेव सिंह पुत्र बीर सिंह निवासी गांव गैहरी भागी तहसील या जिला बठिण्डा (पजांब)। 9. श्रीमति गेजो मृतक पुत्री बीर सिंह पुत्र लाल सिंह बजरिया जायज वारसान :- 9-ए / बलजीत सिंह पुत्र श्रीमति गेजो पुत्री बीर सिंह. 9-बी / गुरदीप सिंह पुत्र श्रीमति गेजो पुत्री बीर सिंह 9-सी/वकील सिंह पुत्र श्रीमति गेजो पुत्री बीर सिंह निवासीगण रतनपुरा ढाणी, डाकघर अमरपुरा, जिला गंगानगर (राज.) 10- श्रीमति वीरपाल कौर पुत्री बलबीर सिंह पुत्र बीर सिंह निवासी सरपंच वाली ढाणी अमरपुरा, जिला गंगानगर (राज.) 11- श्रीमति छिन्दो पुत्री बलबीर सिंह पुत्र बीर सिंह गांव सहारणी, तहसील टिब्बी, जिला हनुमानगढ़ (राज.) 12- गुरचरण सिंह पुत्र अजमेर सिंह पुत्र बीर सिंह 13- मनजीत कौर पत्नी नाजम सिंह पुत्र अजमेर सिंह निवासीगण गांव फल्लड़, तहसील तलवण्डी साबो जिला बठिण्डा (पजांब)

**- उतरवादीगण।**

प्रार्थीगण ने दरख्वास्त वास्ते किए जाने तकसीम भूमि बतफसील खेवट नम्बर 124 खतौनी नम्बर 168-169 किते 14 रकबा 76 कनाल 9 मरला, वाक्या गांव देसुजोधा, तहसील डबवाली, जिला सिरसा अनुसार जमाबन्दी साल 2017-2018 वा इन्तकाल नम्बर 9385, 9926, 9927, 9930, 9935 इस न्यायालय में दायर की है। अगर इस बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का कोई उज्र या एतराज हो तो वो वह दिनांक 07-04-2025 को समय सुबह 10:00 मेरे न्यायालय में असालतन या वकालतन हाजिर होकर अपना दावा या उजर पेश कर सकता है। वरना आगामी कार्यवाही अमल में ला दी जाएगी।

आज दिनांक 18/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय मोहर सहित जारी किया गया।

**हस्ता/- सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी, डबवाली**

**खबर संक्षेप**

## बकरी चुराकर भाग रहे दो युवकों को पकड़ा

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने बकरी चोरी कर बाईक पर ले जाने का प्रयास कर रहे दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवकों की पहचान राहुल पुत्र जिया राम व कमल उर्फ गोली पुत्र घनश्याम निवासी गांव बीघड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से एक मोटरसाइकिल भी बरामद किया है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 27 मार्च को गांव भोड़ा होशनाक निवासी महेन्द्र सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

## फोन छीनने के मामले में दो युवक काबू

**फतेहाबाद।** एक महिला से मोबाइल छीनने के मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए टोहाना पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवकों की पहचान दर्शन सिंह पुत्र रोहताश निवासी कबीर कालोनी रोहतक हाल खरकड़ा जिला कैथल व अभिषेक कुमार पुत्र राम संजीवन निवासी जिला रायबरेली, यूपी के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से वारदात में प्रयोग किए मोटरसाइकिल व मोबाइल फोन को बरामद कर लिया है।

## चोरी मामले में एक युवक को दबोचा

**फतेहाबाद।** गांव धांगड़ के एक मकान में हुई चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान सुमित उर्फ आलू पुत्र रोहताश निवासी धांगड़ के रूप में हुई है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी इंस्पैक्टर कुलदीप सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 3 मार्च को गांव धांगड़ निवासी अजय कुमार की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह अपने मकान को ताला लगाकर किसी काम से गया था।

## चलती गाड़ी का निकला टायर, दो लोग बचे

**फतेहाबाद।** भट्टू से फतेहाबाद रोड पर पिकअप गाड़ी का टायर अचानक निकल गया। इससे पिकअप ड्राइवर संदीप और गाड़ी में सवार एक अन्य व्यक्ति बाल-बाल बच गए। इससे फतेहाबाद-भट्टू रोड का मुख्य रास्ता बाधित हो गया। गाड़ी भी एक तरफ झुक गई। बड़ी मुश्किल से वाहनों की आवाजाही हो सकी। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मिली जानकारी के अनुसार राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के गांव परलीका के पिकअप ड्राइवर नोहर क्षेत्र से लोहे के कबाड़ का सामान भरकर भट्टू होते हुए फतेहाबाद आ रहा था।

## कल संगत करेगी लंगर की सेवा

**रतिया।** तख्त श्री दमदमा साहिब तलवंडी साबो में जिला फतेहाबाद की संगत को 30 मार्च को एक दिन की लंगर सेवा का समय मिला है। वहीं लंगर सेवा बारे जानकारी देते हुए लंगर कमेटी के कोषाध्यक्ष सण हरपाल सिंह अहरवां ने बताया कि तख्त श्री दमदमा साहिब साबो की तलवंडी में जिले की संगत को एक दिन लंगर की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़चढ़ कर संगत सेवा कार्य में बढ़ चढ़ कर शामिल हो रही है।

### पंजाब सरकार से करवाई जाए नुकसान की भरपाई : विष्णुदत्त

# किसान आंदोलन पर पुलिस दमन के खिलाफ जिलेभर में प्रदर्शन

प्रदर्शन के दौरान पंजाब के सीएम के पुतले फूंके साथ ही कहा कि गिरफ्तार किसानों को तुरंत रिहा करे सरकार। पंजाब के राज्यपाल को ज्ञापन भी भेजे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद




**फतेहाबाद।** पुलिस दमन के खिलाफ भट्टू में प्रदर्शन कर पंजाब के सीएम का पुतला फूंकते किसान व टोहाना में प्रदर्शन के बाद एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान।

पंजाब सरकार द्वारा किसान आंदोलन को कुचलने को लेकर की गई जबरदस्ती के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किसानों ने आज टोहाना, फतेहाबाद, भूना, भट्टू, जाखल व रतिया में पंजाब सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और पंजाब के सीएम भगवंत मान के पुतले फूंके गए।

प्रदर्शन के बाद अधिकारियों के माध्यम से पंजाब के राज्यपाल को ज्ञापन भी भेजे गए। इसमें मांग की गई कि पुलिस द्वारा किया जा रहा अंधाधुंध बल प्रयोग बंद किया जाए तथा जनता के संघर्ष के लोकतांत्रिक अधिकार को बहाल किया जाए। गिरफ्तार या जेल में बंद सभी किसानों को बिना शर्त रिहा किया जाए। किसानों के ट्रैक्टर ट्रालियों सहित सभी उपकरण वापस किए जाएं। क्षतिग्रस्त या चोरी हुए सामान की भरपाई पंजाब सरकार द्वारा की जानी चाहिए। भट्टूकलां में प्रदर्शन का नेतृत्व किसान सभा से मा. हनुमान सिंह ने किया व संचालन रोहताश डूडी द्वारा किया गया।

**धरनास्थलों को जबरन उठाया**

किसान सभा के जिला प्रधान विष्णुदत्त, सुभाष चन्द्र भादू व उपप्रधान जगतार सिंह ने कहा कि पिछले कुछ समय से पंजाब सरकार केन्द्र सरकार के साथ मिलकर किसानों की जायज मांगों के लिए चल रहे संघर्ष के खिलाफ पुलिस के जरिए दमन का सहारा ले रही है। संविधान के अनुसार देश के नागरिकों को अपनी जायज मांगों को लेकर संघर्ष करने का अधिकार प्राप्त है लेकिन पंजाब की मान सरकार व केन्द्र की भाजपा सरकार किसानों पर जुल्म ढहाकर उनके आंदोलन को लाठी-डंडों और गोली के दम पर कुचलना चाहती है जिसे किसान कभी कामयाब नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि 17 मार्च को केन्द्र सरकार के मंत्रियों से बातचीत कर लौट रहे किसान नेताओं को गिरफ्तार किया गया वहीं शंभू व खनौरी बार्डर पर किसानों की ट्रालियों व टैंटों पर बुलडोर चलाकर किसानों के धरनास्थलों को जबरन उठा दिया गया।

**किसानों ने यह रखी मांग**

उन्होंने मांग की कि पुलिस द्वारा किसानों पर किए जा रहे अंधाधुंध बल प्रयोग को तुरंत बंद किया जाए और जनता के संघर्ष के लोकतांत्रिक अधिकार को बहाल रखा जाए। गिरफ्तार या जेल में बंद किसानों को बिना शर्त रिहा किया जाए। किसानों के ट्रेक्टर-ट्रालियों व अन्य उपकरण वापस किए जाए व क्षतिग्रस्त व चोरी हुए सामान की भरपाई पंजाब सरकार द्वारा की जाए। इस मौके पर मजदूर यूनियन के प्रधान विजेन्द्र सिंह, अनिल कुमार, मा. राम सिंह, रिछपाल भादु, रामस्वरूप सिद्धू, मनोहर लाल, जगदीश शर्मा, पृथ्वी सिंह मुंड, साधु राम, किशोरी लाल, जयकिशन, कृष्ण कुमार, प्रेम कुमार, बिल्लु साईं, सुरेश कुमार, अजय सिंह माचरा सहित काफी संख्या में किसानों ने भाग लिया।



**फतेहाबाद।** समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते नगराधीश गौरव गुप्ता।

## नगराधीश ने सुनीं समस्याएं प्राप्त हुई कुल नौ शिकायतें

- शिविर में आरोही मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में सुविधाओं की कमी के बारे में की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

लघु सचिवालय के सभागार में शुक्रवार को नगराधीश गौरव गुप्ता ने नागरिकों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके त्वरित निपटान बारे निर्देश दिए। समाधान शिविर में कुल 9 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके समाधान के लिए नगराधीश ने बैठक में मौजूद संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके पर ही जांच कर तुरंत समाधान करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

शिविर में गांव सालम खेड़ा के इंद्रजीत सिंह ने ऑप्रेशन करवाने के लिए आर्थिक सहायता दिए जाने बारे, गांव बीघड़ निवासी रेणू रानी ने पिछड़ा वर्ग जाति का प्रमाण पत्र बनवाने, बनगांव निवासी संदीप सैन ने आरोही मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में सुविधाओं की कमी बारे, गांव खैराती खेड़ा निवासी सुल्तान, प्रताप, कुलदीप ने उनके खेतों में बन रहे नाजायज नाले की खुदाई के कार्य को बंद करवाने, टोहाना निवासी सावित्री ने बिजली चोरी के गलत जुर्माना भरवाने एवं बिजली कर्मचारियों द्वारा परेशान करने बारे, सरपंच ग्राम पंचायत ढाणी ईसर द्वारा माइनर का पुनः निर्माण करवाने, सरपंच गांव झलनिया द्वारा गांव में बंदरों के आंतक से निजात एवं पीने के पानी, बुढ़ापा पेंशन बनवाने, परिवार पहचान पत्र में नाम दर्ज करवाने की शिकायत को नगराधीश के समक्ष रखा गया। समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों को सुनते हुए नगराधीश ने बैठक में मौजूद संबंधित विभाग के अधिकारियों को तुरंत समाधान के निर्देश दिए।

**आदेश दिए**

उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों को संबंधित विभाग के अधिकारी प्राथमिकता देते हुए निर्धारित समयावधि में इनका निपटान सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही समस्या का समाधान होने उपरांत प्रार्थी को भी इस बारे में सूचित किया जाए। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## नेशनल कॉलेज में पुस्तक प्रदर्शनी

- प्रदर्शनी का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. पूनम ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** पुस्तक प्रदर्शनी का अवलोकन करते प्राचार्या। फोटो : हरिभूमि

नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन महाविद्यालय की लाईब्रेरी कमेटी ने शुक्रवार को पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. पूनम मिगलानी ने किया। उन्होंने कहा कि पुस्तकों का हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। पुस्तक प्रदर्शनी का उदेश्य अध्ययन रूचि के प्रति जागरूकता उत्पन्न कर छात्राओं का समग्र विकास करने के साथ साथ संस्कृति और चरित्र निर्माण को बढ़ावा देना भी है। छात्र ज्ञान का प्रयोग कर स्वाध्याय की ओर अग्रसर होते हैं। लाईब्ररियन कुलविंद्र कुमार ने बताया कि वर्तमान समय में नई तकनीकी के बढते प्रभाव के कारण भी पुस्तकें पढने वालों की संख्या में आज तक न तो कमी आई है न ही आगे आएगी। इसी आशा के साथ आज पुस्तक प्रदर्शनी लगाई गई। पुस्तकों के प्रति छात्रों का प्रेम व उत्साह देखकर मन को बहुत अधिक बल मिलता है। सभी ने इस प्रदर्शनी में आकर पुस्तकों का अवलोकन किया और अपनी इच्छित पुस्तकों को अपने महाविद्यालय के पुस्तकालय में पाकर खुशी प्रकट की। विभिन्न विषयों व विभिन्न संकायों से संबंधित पुस्तकें जैसे शोध से संबंधित कोर्स पुस्तकें, इनसाईकलोपीडिया, हिंदी, अग्रेंजी व पंजाबी साहित्य के नवीन उपन्यास, कहानियों तथा प्रतियोगी पुस्तकें, संदर्भ ग्रंथ, मुद्रित पत्र-पत्रिकाएं सभी के आर्कषण का मुख्य केंद्र रही।

## टोहाना में बस स्टैण्ड से स्कूटी चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने टोहाना में डांगरा रोड स्थित बस स्टैंड से एक स्कूटी चोरी कर ली। स्कूटी मालिक वाहन को बस स्टैंड में छोडक़र सामान लेने गया था। स्कूटी के मालिक अंकित मेहता ने शहर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। घटना 24 मार्च की दोपहर सवा तीन बजे की है। अंकित मेहता अपनी स्कूटी से बस स्टैंड पहुंचे और किसी काम से दुकान में चले गए। स्कूटी को बस स्टैंड में खड़ा किया था। वह करीब 15 मिनट बाद लौटे तो स्कूटी गायब थी। अंकित ने आसपास स्कूटी की तलाश की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। स्कूटी की डिक्की में उसके सभी कागजात भी रखे थे। सीसीटीवी कैमरे में कैद वारदात के अनुसार एक व्यक्ति अपने गले में कपड़ा डाले हुए स्कूटी के पास आता है।

## फतेहाबाद: 19 महिलाओं को बांटें चेक

- फतेहाबाद में 2 लाख 37 हजार रुपये की अनुदान राशि बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** लाभार्थियों को अनुदान राशि के चेक वितरित करती हरियाणा महिला विकास निगम की जिला प्रबंधक डॉ. दर्शना सिंह। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा महिला विकास निगम की जिला प्रबंधक डॉ. दर्शना सिंह ने बताया कि हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वरोजगार हेतू बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध करवाया जाता है, जिस पर निगम की तरफ से उस ऋण पर अनुदान राशि प्रदान की जाती है। इसी कड़ी में व्यक्तिगत ऋण स्कीम के तहत 19 महिलाओं के बैंकों द्वारा स्वीकृत कुल 13 लाख 75 हजार रुपये की राशि पर 2 लाख 37 हजार रुपये अनुदान राशि के चेक वितरित किए गए है जिसमें 8 सामान्य जाति और 11 अनुसूचित जाति की लाभार्थी महिलाएं शामिल है। उन्होंने बताया कि हरियाणा महिला विकास निगम की तरफ से व्यक्तिगत ऋण स्कीम, हरियाणा मातृ शक्ति उधमिता योजना, विधवाओं के अनुदान राशि स्कीम, शिक्षा ऋण स्कीम जिला में संचालित की जा रही है। उन्होंने बताया की व्यक्तिगत ऋण स्कीम में 25 प्रतिशत अनुदान राशि सामान्य जाति के लिए 10 हजार रुपये अधिकतम और अनुसूचित जाति के लिए 25 हजार रुपये अधिकतम व ऋण अधिकतम 1 लाख 50 हजार रुपये पर प्रदान की जाती है। जिला में 2024-25 में व्यक्तिगत ऋण स्कीम में 74 केसों का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसमें 24 सामान्य जाति और 50 अनुसूचित जाति को अनुदान राशि प्रदान की जानी थी।

## ठगी के मामले में चिंदड़ गांव के दो भाइयों को किया गिरफ्तार

- वर्क वीजा पर दुबई भेजने के नाम पर लाखों का लगाया था चूना

**फतेहाबाद।** हिसार के एक युवक को दुबई में वर्क वीजा दिलवाने का झांसा देकर उसके परिवार से लाखों रुपये ऐंठने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवकों की पहचान गांव चिंदड़ निवासी संदीप कुमार व उसके भाई कुलदीप सिंह पुत्र हनुमान गोदारा के रूप में हुई है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने इस बारे 20 नवंबर 2024 को हिसार के गांव भाणा निवासी सुरजीत की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसका 19 साल का लडक़ा राहुल है। फतेहाबाद के गांव चिंदड़ निवासी संदीप गोदारा व उसके भाई कुलदीप गोदारा ने उसे लुभावने सपने दिखाकर उसके लडक़े को दुबई टुरिस्ट वीजा पर भेजकर आगे वर्क वीजा दिलवाने की बात कहकर झांसे में लिया और उससे अढ़ाई लाख रुपये ठग लिए। इन लोगों ने राहुल को टूरिस्ट वीजा पर दुबई भेजकर अलग-अलग जगहों पर गैर कानूनी तरीके से काम करवाया और वर्क वीजा मिलने का आए दिन बहाना बनाते रहे।

## सील मकान के ताले तोड़, गार्ड को धमकाया

- लोन का भुगतान न करने पर फाइनेंस कम्पनी ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

लोन का भुगतान न करने पर फाइनेंस कम्पनी द्वारा सीज किए गए मकान के ताले तोडक़र सिक्योरिटी गार्ड को धमकाने और उसे जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने फाइनेंस कम्पनी के अधिकारी की शिकायत पर आरोपी पति-पत्नी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में कंपनी अधिकारी कैलाश चौधरी ने बताया कि आवास फाइनेंस लिमिटेड एक हाउसिंग फाइनेंस कंपनी है। कंपनी का पंजीकृत और कॉर्पोरेट कार्यालय जयपुर में है, जबकि शाखा कार्यालय हिसार में है। कंपनी अपने ग्राहकों को होम लोन के रूप में क्रेडिट सुविधा प्रदान करती है। फतेहाबाद के स्वामी नगर निवासी निशा शाख्या और उसके पति नीरज कुमार को लोन दिया गया था। पहले 30 नवंबर 2019 को 18 लाख 41 हजार 25 रुपए और फिर 11 अगस्त 2020 को 1 लाख 67 हजार 133 रुपए दिए गए। यह लोन इन्होंने फतेहाबाद की भींवा बस्ती स्थित 271.02 वर्ग फीट जगह की एवज में लिया था। उक्त दोनों वित्तीय अनुशासन बनाए रखने में विफल रहे। लोन के करार की शर्तों के अनुसार मासिक किश्तों का भुगतान नहीं किया। बकाया ऋण वसूली के लिए कंपनी ने 7 मई 2022 को एक डिमांड नोटिस भेजा। नोटिस मिलने के बावजूद लोन नहीं चुकाया। फिर कंपनी ने अग्रिम कार्रवाई करते हुए 18 जनवरी 2023 को जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष उक्त बंधक रखी गई संपत्ति का कब्जा आवास फाइनेंस लिमिटेड को सौंपने का आदेश पारित करवाया।



मकान पर नोटिस लगाते अधिकारी।

**तहसीलदार ने 20 मार्च को दिलाया था कब्जा**

जिला मजिस्ट्रेट के आदेश अनुसार इसी महीने 20 मार्च को ड्यूटी मजिस्ट्रेट तहसीलदार एवं पुलिसकर्मियों की उपस्थिति में दंपती की संपति पर कब्जा पाया। कंपनी ने घर पर सिक्योरिटी गार्ड रखा। इसके बाद उक्त ऋणी ने मकान पर लगाए ताले तोड़ दिए। गार्ड को भी निशा शाक्य, नीरज कुमार ने 4-5 अन्य लोगों के साथ मिलकर धमकाया एवं वीडियो बनाते समय मोबाइल गिरा दिया। आरोप है कि जान से मारने की धमकी भी दी व संपति पर लगाए गए ताले को तोडक़र अवैध रूप से कब्जा कर लिया।

## ईद की छुट्टी रद करना सरासर गलत फैसला

**सिरसा।** जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने हरियाणा सरकार द्वारा ईद की छुट्टी को रद्द किए जाने की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि ईद की सार्वजनिक छुट्टी को प्रतिबंधित अवकाश में तबदील कर हरियाणा सरकार ने एक बड़े वर्ग की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि हमारे लोकतांत्रिक देश में सभी धर्म के लोगों को पूरी धार्मिक स्वतंत्रता है और अपने धर्म का पालन करने की पूरी आज़ादी और सुविधा मिलती है। ऐसे में मुस्लिम समाज के बड़े पर्व ईद-उल-फितर पर हमेशा से देश के हर राज्य में सार्वजनिक अवकाश रहता है।

**दिखा उत्साह** लेखराज मेमोरियल स्कूल के 25 वर्ष पूरे होने पर शानदार कार्यक्रम का आयोजन

# एलआरएम में पढ़े बच्चे आज उच्च पदों पर देश व विदेश में अपनी सेवाएं दे रहे, दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद




**फतेहाबाद।** लेखराज स्कूल के 25 वर्ष पूरे होने पर केक काटते स्कूल प्रबंधक व लेखराज स्कूल के स्थापना दिवस पर हवन में भाग लेते स्कूल प्रबंधक।

सुंदर नगर स्थित लेखराज मेमोरियल स्कूल के 25 वर्ष पूरे होने पर शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ हवन यज्ञ के साथ हुआ। बच्चों ने नृत्य के माध्यम से सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर उपस्थितजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्कूल के डॉयरेक्टर अंशुल तनेजा ने कार्यक्रम में पहुंचे अभिभावकों और शहर के गणमान्य लोगों का स्वागत किया। स्कूल की स्थापना दिवस पर डायरेक्टर अंशुल तनेजा ने इन दौरान स्कूल के सफर को आये हुए मेहमानों के साथ सांझा किया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों और स्कूल स्टाफ के साथ केक काट कर खुशी का इजहार किया। बीते वर्षों के दौरान स्कूल में हुई गतिविधियों, बच्चो द्वारा शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों सहित अन्य गतिविधियों में पर्याप्त की गई उपलब्धियों को चित्रित करते हुए एक विशेष संस्करण का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर वार्षिक परीक्षा परिणाम भी घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चो कों पुरस्कृत भी किया गया।

**आभार जताया**

उन्होंने विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी गुणवत्ता शिक्षा अनुशासन जैसे अपने संकल्पों के प्रति सदैव प्रतिबद्ध रहेंगे। इस अवसर पर एक डॉक्यूमेंट्री भी प्रस्तुत की गई जिसमें देश और विदेशों में अपने अपने कार्य क्षेत्र में नाम रोशन कर रहे स्कूल से पास आउट बच्चो ने वीडियो संदेशो द्वारा अपनी शुभकामनाएं दी और अपने शिक्षण काल की यादों को सांझा किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन स्कूल की एकेडेमिक हेड लाघवी तनेजा के देखरेख में हुआ। स्कूल प्रिंसिपल प्रेमलता तनेजा ने आये हुए अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम में पधारने पर आभार जताया।

**मार्केट न्यूज**

## तनिष्क ने सिरसा में अपने शानदार स्टोर को फिर से शुरू किया

28 मार्च 2025: भारत का सबसे बड़ा ज्वेलरी ब्रांड और टाटा परिवार का एक सदस्य, तनिष्क ने सिरसा में अपने सबसे बड़े स्टोर को फिर से शुरू करके अपने रिटेल विस्तार में महत्वाकांक्षी कदम उठाया है। नॉर्थ 4 के रीजनल बिज़नेस मैनेजर श्री चंदन पारीक ने सुबह 11.30 बजे इस स्टोर का उद्घाटन किया। इस शानदार स्टोर के फिर से शुरू होने की ख़ुशी को अपने उपभोक्ताओं के साथ बांटने के लिए ब्रांड ने हर खरीदारी पर सोने के सिक्का निःशुल्क उपहार के रूप में देने की घोषणा की है। 28 मार्च से 30 मार्च 2025 तक इस आकर्षक ऑफर का लाभ उठाया जा सकता है। तनिष्क सिरसा स्टोर, बस स्टैंड के सामने, हिसार रोड, सिरसा पर स्तिथ है। 4000 स्क्वायर फीट के स्टोर में प्लेन सोने, हीरे, कुंदन और पोल्की में बने तनिष्क के बेहद खूबसूरत डिज़ाइन्स की विशाल श्रेणी उपलब्ध है। इस स्टोर में तनिष्क का सबसे नया नैचरल डायमंड कलेक्शन 'अनबाउंड' भी है, जो आधुनिक भारतीय महिला की स्वतंत्र सोच, उनके व्यक्तित्व और उनकी ज़िन्दगी के कई पहलुओं को सम्मानित करता है। हर दिन पहनने के लिए तनिष्क के शानदार और वर्सटाइल आभूषणों का कलेक्शन 'ग्लैमडेज़' और वज़न में हल्के लेकिन बहुत ही अनोखे आभूषणों का कलेक्शन 'स्टृंग इट' भी यहां है।

